प्रेस नोट

आज दिनांक 18/08/2017 को मेवाड़ विश्वविद्यालय परिसर में विधि विभाग के तत्वाधान निः शुल्क कानूनी सलाह केन्द का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री विशाल भार्गव, ए0सी0जे0एम0 एवं पूर्ण कालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चितौड़गढ एवं श्री रविन्द्र सिंह यादव, न्यायाधिश गंगरार न्यायालय, श्री ओम प्रकाश शर्मा अध्यक्ष बार एसोसिएशन द्वारा मेवाड़ एजुकेशन सोसायटी के चेयरपर्सन श्री गोविन्द लाल जी गदिया, प्रो0 डा0 वी0एन0 राजशेखरन पिल्लई प्रेसिडेंट मेवाड़ विश्वविद्यालय व प्रो प्रेसिडेंट मेवाड़ विश्वविद्यालय प्रो0 टी0एन0 माथुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन विधि विभागाध्यक्ष सुश्री आशा रावत के संचालन में किया गया। मुख्य अतिथि श्री विशाल भार्गव जी ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का महत्व बताते हुए कहा कि सही समय पर सही सलाह ही लोगों का कानूनी दांव पेच से बचा सकती है। न्यायाधिश श्री रविन्द्र सिंह यादव ने तालुका स्तर पर विधिक जागरूकता को अधिक प्रभावी रूप से फैलाने की अपील की, अध्यक्ष बार काउंसिल चितौड़गढ़ श्री ओम प्रकाश जी ने विधिक सेवा की वस्तुस्थिति व महत्ता पर चर्चा की। आमंत्रित वक्ता अधिवक्ता श्रीमती भारती गहलोत ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं बताई एवं अधिवक्ता प्रकाश चंद्र कर्मावत ने सूचना के अधिकार के बारे में बताया। कार्यक्रम में विधि विभाग के प्राध्यापक श्री अमित यादव, सुश्री प्रीति सेंगर व श्री अमित कुमार तथा अन्य विभागों के प्राध्यापक, छात्रगण तथा आमजन मौजूद रहें।